हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, बुधवार, 8 अक्टूबर 2025


तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 16.9 डिग्री


13 महर्षि वाल्मीकि ने एकता, समानता ...



14 जिले में एक सप्ताह में छह हत्याएं, सुरक्षा पर उठे सवाल









## शहर में आज

- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मीटिंग।
- बिजली निगम में खुला दरबार।
- बिजली निगम में मांगों को लेकर कर्मचारियों की मीटिंग।

## बिजली कट

- सुबह आठ बजे से दस बजे तक-

डी पार्क, सोम समासे वाले के सामने, सुभाष पार्क,

- सुबह दस से दो बजे तक-

सेक्टर तीन व आसपास का एरिया।

# नालों व सीवर में गोबर या अन्य ठोस अपशिष्ट बहाना अपराध

# नगर निगम ने 6 डेयरी संचालकों को जारी किए सीलिंग नोटिस

### डेयरी से निकलने वाले गोबर का सही ढंग से निष्पादन किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नगर निगम ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कड़ा कदम उठाते हुए सोमवार को छह डेयरी संचालकों को सीलिंग नोटिस जारी किए हैं। निगम प्रशासन ने साफ किया है कि नालों व सीवर में गोबर या अन्य ठोस अपशिष्ट बहाना दंडनीय अपराध है और ऐसा करने वालों के खिलाफ अब कठोर कार्रवाई की जाएगी। डेयरी संचालक अपनी डेयरियों से निकलने वाले गोबर को सीवर और नालों में बहा देते हैं। इससे न केवल सीवर ऑवरफ्लो की समस्या बढ़ती है, बल्कि नाले भी गंदगी से लबालब भर जाते हैं, जिसके कारण आम नागरिकों को दुर्गंध और गंदगी का सामना करना पड़ता है।



रोहतक। डेयरी संचालक की नोटिस काटते हुए निगम के कर्मी।

### शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाए रखने में सहयोग जरूरी

आयुक्त डॉ. शर्मा ने कहा कि निगम द्वारा पहले भी डेयरी एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर यह निर्देश दिए गए थे कि डेयरी से निकलने वाले गोबर का सही ढंग से निष्पादन किया जाए। सभी डेयरियों में गोबर के लिए गड्ढे (पिट) बनाए गए हैं, जिन्हें सक्रिय रखना अनिवार्य है। यदि डेयरी संचालक गोबर को पिट में डालेंगे तो सीवर और नाले ब्लॉक होने की समस्या स्वत समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाए रखने में निगम प्रशासन और नागरिकों का सामूहिक सहयोग जरूरी है। यदि लोग नियमों का पालन करेंगे तो न केवल सीवर जाम और गंदगी से राहत मिलेगी, बल्कि शहर की छवि भी स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनेगी।

### चौटाला सरकार ने शिफ्ट करने की योजना बनाई थी

दुर्गा भवन स्थित डेयरी मोहल्ले, पीर कॉलोनी, कच्चा बेरी रोड, मालगोदाम रोड सहित कई इलाकों में डेयरी चल रही है। इनसे निकलने वाले गोबर को पानी डालकर नालियों को बहाया जाता है। सीवर लाइन और नालियां ब्लॉक हो जाती हैं। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए वर्ष-2001 में चौटाला सरकार ने करोड़ रुपयों से कन्हेली रोड स्थित डेयरी शिफ्ट करने की योजना बनाई थी। कन्हेली में वर्ष-2004 में डेयरी कॉम्पलेक्स शुरू हुआ। इसके बाद दुर्गा भवन स्थित डेयरी मोहल्ले के संचालकों ने स्थानांतरण शुरू किया।

### 250 को भूखंड आवंटित, 90 डेयरियां ही शिफ्ट हो सकीं

डेयरियों को शहर के बाहर पहुंचाने के लिए निगम ने कन्हैली रोड पर डेयरी कॉम्पलेक्स बनाया है, जिसमें करीब 250 संचालकों को भूखंड आवंटित किए गए हैं। कई सालों के प्रयास के बाद निगम अभी तक करीब 80-90 डेयरियां ही शिफ्ट करवा सका है। बाकी डेयरियों का संचालन शहर में ही किया जा रहा है। इससे शहर में सीवर लाइन और नाले अवरुद्ध होने की गंभीर समस्या हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी कच्चा बेरी रोड के लोग झेल रहे हैं।

**पकड़ने का अभियान फेल :** भय के साये में लोग, छतों, बालकनी, पार्कों में निकलना मुश्किल

# शहर में बंदरों का आतंक, 5 साल में 6,874 लोगों पर किया हमला

### आंकड़े सूचना अधिकार से सामने आए

*बंदरों के काटने के मामले साल दर साल बढ़ रहे हैं। 2020 के 8 महीनों में 982 मामले सामने आए थे। यह संख्या 2024 में बढ़कर 1,559 और 2025 के 8 महीनों में 1,372 तक पहुंच चुकी है।*



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिले में बंदरों के काटने की समस्या दिनों दिन गंभीर होती जा रही है। पिछले साढ़े पांच वर्षों में जिले में बंदरों ने 6,874 व्यक्तियों को काटा है। इनमें 6,728 व्यस्क और 146 बच्चे शामिल हैं। जिले में प्रतिदिन औसतन तीन लोग बंदरों के हमले का शिकार हो रहे हैं। यह चौकाने वाली जानकारी सूचना अधिकार कानून के तहत मिली हैं। बंदरों के काटने के मामले साल दर साल बढ़ रहे हैं। 2020 के 8 महीनों में 982 मामले सामने आए थे। यह संख्या 2024 में बढ़कर 1,559 और 2025 के 8 महीनों में 1,372 तक पहुंच चुकी है। इनमें उन लोगों को शामिल नहीं किया गया है जिन्होंने अस्पताल जाकर इलाज करवाने के बजाय देसी उपाय अपनाए।

सिविल सर्जन कार्यालय की जानकारी के अनुसार, बंदरों के काटने पर मुआवजे की जानकारी उनके कार्यालय में उपलब्ध नहीं है। राज्य जन सूचना अधिकारी ने बताया कि बीपीएल परिवार के सदस्य को बंदर काट ले तो सरकारी अस्पताल में निशुल्क इलाज मिलेगा।



### निगम के प्रयास नाकाफी

नगर निगम के राज्य जन सूचना अधिकारी पिछले तीन साल में कितने बंदर पकड़े गए और उन्हें कहां छोड़ा गया, इस पर मौन हैं। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि पिछले तीन साल में किस ठेकेदार को बंदर पकड़ने का ठेका दिया गया। शहर में बंदरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। घटते खेत-खलिहान और जंगलों के कारण बंदर गांवों और शहरों में आने लगे हैं। झूंडों में रहने वाले बंदर हिंसक हो चुके हैं और अकेले व्यक्ति पर भी हमला करने से नहीं डरते। धान और गेहूं की खेती के कारण खेतों में अब उनकी भूख नहीं बुझती, जबकि पहले सब्जियां और फलदार पेड़ उनकी भूख मिटाते थे। घटती खेती ने पशु-पक्षियों के लिए संकट पैदा किया है।

### बंदरों से निपटने के लिए कोई योजना नहीं

सूचना अधिकार कानून के तहत यह जानकारियां मांगी गई थी। बंदरों और कुत्तों द्वारा लोगों को काटने के मामले में सरकार कतई गम्भीर नहीं है। न ही बंदरों से निपटने के लिए कोई योजना बनाई जा रही है। सरकार को इनके लिए उपयुक्त प्रबंध करने चाहिए।

-राज्य संयोजक सुभाष, हरियाणा सूचना अधिकार मंच

### औसतन प्रतिदिन 3 लोगों को शिकार बना रहे बंदर

जिले में औसतन प्रतिदिन 3 लोग बंदरों द्वारा काटे जा रहे हैं। 5 साल का आंकड़ा 6,874 व्यक्तियों को बंदरों ने काटा, जिनमें 6,728 व्यस्क और 146 बच्चे शामिल हैं। साल दर साल वृद्धि 2020 में 982 मामले, 2024 में 1,559 मामले, और 2025 के 8 महीनों में 1,372 मामले सामने आए है। मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यालय ने बताया कि बंदरों के हमले से किसी भी व्यक्ति की मौत नहीं हुई है। हालांकि एक महिला डर के कारण छत से गिर गई थी।

### सरकारी अस्पताल में निः शुल्क इलाज

बीपीएल परिवार के लिए सरकारी अस्पताल में निशुल्क इलाज। अन्य लोग 100 रुपये देकर इलाज करवाएं। मुआवजे की जानकारी उपलब्ध नहीं। पिछले 3 साल में पकड़े गए बंदरों और ठेकेदारों की जानकारी साझा नहीं की। बंदरों की संख्या बढ़ती जा रही है। घटती खेती और जंगल की कमी कारण निगम ने यह जानकारी ही नहीं दी।

### निगम ने नहीं दिया दोबारा टेंडर

नगर निगत ने विगत वर्ष बंदरों को पकड़ने के लिए टेंडर जारी किया था। कुछ बंदरों को पकड़कर यमुनानगर के पास कलेसर जंगल भेजा गया। लेकिन इसके बाद बंदरों को कलेसर छोड़ने को लेकर विवाद पैदा हो गया। इसके बाद नगर निगम ने दोबारा टेंडर ही जारी नहीं किया। इसकी वजह से बंदर हर गली मोहल्लों में उत्पात मचाते रहते हैं।



रोहतक। गड्ढे में गिरी कार। फोटो : हरिभूमि

**लेबर चौक पर हुई घटना से हड़कंप**

# जनस्वास्थ्य विभाग ने खोदा गड्ढा, बारातियों की कार गिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

डीएलएफ कॉलोनी के लोगों को लंबे समय से दूषित पानी की सप्लाई झेलनी पड़ रही थी। इस समस्या की जड़ खोजने के लिए विभाग ने सर्कुलर रोड पर लगभग 12 फीट चौड़ा गड्ढा खोद रखा था। लेकिन सुरक्षा इंतजाम पूरी तरह नदारद थे। न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया और न ही बैरिकेडिंग की गई। मंगलवार सुबह इसी लापरवाही ने हादसे का रूप ले लिया। फूलों से सजी एक कार, जिसमें बारातियों के तीन यात्री बैठे थे, अचानक इस गहरे गड्ढे में जा गिरी। सौभाग्य से कार में दुल्हन मौजूद नहीं थी और रफ्तार धीमी थी, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत यात्रियों को बाहर निकाला। उन्हें हल्की चोटें आईं जबकि गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। विभाग ने पिछले दो महीनों में कई बार खुदाई की, लेकिन असली समस्या पकड़ में नहीं आई। करीब पखवाड़ा पहले भी यहां गड्ढा खोदा गया था। उसी दौरान मुख्यमंत्री का दौरा और फिर शाह का कार्यक्रम तय हुआ, जिसके चलते प्रशासन ने काम बीच में रोक दिया।

### खुले गड्ढे पर न सुरक्षा, न चेतावनी

विभाग ने समस्या ढूंढने के बाद सड़क के बीचों-बीच लगभग 10–12 फीट चौड़ा गड्ढा खोदा, लेकिन वहां कोई संकेतक बोर्ड या बैरिकेडिंग नहीं की गई। रात के समय अंधेरे में यह गड्ढा लोगों और वाहनों के लिए जानलेवा साबित हो सकता था। सुबह कार गिरने की घटना के बाद विभाग हरकत में आया और तुरंत वहां चेतावनी बोर्ड लगवा दिया।

## खबर संक्षेप



### बारिश में भीगी फसल एसडीएम ने लिया जायजा

**सांपला।** मंगलवार को आई बारिश में मंडी में बिक्री के लिए आई बाजारा व धान की फसल भीग गई। एसडीम उत्सव आनंद ने मंगलवार को मंडी में पहुंचकर खरीद का जायजा लिया। उन्होंने आढ़तियों को सख्त निर्देश दिए कि वह फसल खरीद से पहले बारिश से फसल सुरक्षा की व्यवस्था करें। अगर लापरवाही की दी तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पिछले दो दिन से इलाके में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बिगड़े मौसम को लेकर किसान चिंता में है। क्योंकि खेतों में खड़ी धान की फसल पकने की और है। तेज हवा के साथ हुई बारिश की वजह से कुछ फसल जमीन पर पसर गई। किसानों का कहना है कि जमीन पर गिरी फसल में उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा।

### फर्जी लॉटरी के नाम पर धोखाधड़ी से रहें सावधान

**रोहतक।** त्योहारी सीजन के दौरान साइबर अपराधी फर्जी लॉटरी और इनाम का लालच देकर लोगों को ठगने की कोशिश कर रहे हैं। इसको लेकर पुलिस ने नागरिकों को जागरूक करने के लिए एडवाइजरी जारी की है। पुलिस के अनुसार, जालसाज धनतेरस, दीपावली जैसे त्योहारों का बहाना बनाकर लोगों को नकली लॉटरी, इनाम या ऑफर के झांसे में फंसाते हैं। वे मोबाइल मैसेज, व्हाट्सएप, कॉल, ईमेल या डाक के जरिए लोगों को यह विश्वास दिलाते हैं कि उन्होंने कार, नकद राशि या इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुएं जीती हैं। बदले में वे बैंक अकाउंट विवरण, क्रेडिट कार्ड नंबर या व्यक्तिगत जानकारी मांगते हैं और कभी-कभी इनाम प्राप्त करने के शुल्क के नाम पर पैसे भी हड़प लेते हैं। पुलिस ने बताया कि कई बार जालसाज नकली वेबसाइट या ई-कॉमर्स कंपनी के नाम पर पहचान पत्र, प्रमाण पत्र या स्क्रैच कार्ड भेजकर भरोसा जीतने की कोशिश करते हैं। सीमा शुल्क के नाम पर हो रही गठी।

### सिंघपुरा कलां में रेलवे ट्रैक के पास महिला का शव बरामद



**रोहतक।** जिले के गांव सिंघपुरा कलां के नजदीक रेलवे ट्रैक के पास मंगलवार सुबह एक महिला का शव मिला है। स्थानीय लोगों ने यह सूचना जीआरपी पुलिस स्टेशन को दी। एफएसएल टीम डॉ.सरोज दहिया व पुलिस तुरंत मौके पर पहुची और शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। शुरुआती जानकारी के अनुसार, महिला की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है और उसके साथ किसी प्रकार की व्यक्तिगत चीजें भी नहीं मिली हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है। जीआरपी पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को इस महिला की पहचान के बारे में कोई जानकारी है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस हत्या के कारणों और संभावित संदिग्धों की तलाश में लगी हुई है।

### सीनियर नेशनल योग चैंपियनशिप के लिए हरियाणा की टीम मैसूर रवाना

**रोहतक।** सीनियर नेशनल योगा चैंपियनशिप 2025 में भाग लेने के लिए हरियाणा प्रदेश की योग टीम मंगलवार मैसूर (कर्नाटक) के लिए रवाना हुई। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 9 से 12 अक्तूबर तक आयोजित होगी, जिसमें देशभर के शीर्ष योग खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। हरियाणा टीम के खिलाड़ियों ने प्रस्थान से पूर्व राज्य का नाम रोशन करने का संकल्प लिया। टीम के रवाना होने से पहले चयनित खिलाड़ियों का सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर फरीदाबाद में आयोजित किया गया। इस शिविर में अनुभवी कोचों और विशेषज्ञों ने खिलाड़ियों को योग के विविध पहलुओं और बारीकियों का विशेष प्रशिक्षण दिया।

> यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 9 से 12 अक्तूबर तक आयोजित होगी

**कार्यक्रम** हवन-यज्ञ में 180 सफाई कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

# एमडीयू में स्वच्छता योद्धाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की मातूराम यज्ञशाला में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित हवन-यज्ञ में लगभग 180 सफाई कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्हें 'स्वच्छता योद्धाओं' के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने की। रोहतक के मेयर राम अवतार वाल्मीकि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका विशिष्ट अतिथि रहे। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, प्रो. सुरेंद्र कुमार और प्रो. बलवीर आचार्य के मार्गदर्शन में प्रातः 10 बजे यज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें कुलपति, मुख्य अतिथि,



रोहतक। हवन में आहुति डालते मुख्य अतिथि मेयर राम अवतार वाल्मीकि, कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, प्रो. सुरेंद्र कुमार और प्रो. बलवीर आचार्य व अन्य विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

विशिष्ट अतिथि और कुलसचिव यजमान बने। मुख्य अतिथि मेयर राम अवतार वाल्मीकि ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि पहली बार उन्होंने स्वच्छता योद्धाओं को यज्ञ में आहुति देते देखा, जो कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की समावेशी सोच को दर्शाता है।

### हर घर नशामुक्त मुहिम की प्रशंसा

उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से प्रो. राजबीर सामाजिक मुद्दों के लिए समाज से जुड़ रहे हैं, जो अनुकरणीय है। उन्होंने प्रो. राजबीर की 'हर घर नशामुक्त' मुहिम की भी प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन प्रो. सुरेश चंद्र मलिक (डीन, एकेडमिक अफेयर्स), प्रो. सपना गर्ग (डीन, स्टूडेंट्स वेलफेयर), डॉ. प्रताप राठी (निदेशक, युवा कल्याण), डॉ. कृष्णकांत (कुलसचिव) और श्याम सुंदर शर्मा (सहायक कुलसचिव) की देखरेख में हुआ। विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।



# बाहुबलीः द एपिक 31 को होगी रिलीज

**मुंबई।** बाहुबली भारतीय सिनेमा की एक कल्ट फ्रेंचाइजी है, जिसकी दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। बाहुबलीः द बिगनिंग और बाहुबली 2ः द कन्क्लूजन दोनों ही फिल्में आज भी दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। अब निर्देशक एसएस राजामौली 'बाहुबलीः द एपिक' लेकर आ रहे हैं, जो 31 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। बाहुबली के निर्माता शोबू यार्लागड्डा ने बताया कि यह किरदार शुरू से ही प्रभास को ध्यान में रखकर लिखा गया था और किसी अन्य अभिनेता को कोई ऑडिशन या प्रस्ताव नहीं दिया गया था। यह एक ऐसा खुलासा है जो उन फैंस को आश्चर्यचकित कर सकता है।

लाइफ Style

# नोरा

## 'दिलबर की' में जबरदस्त डांस मूव्स

फिल्म 'थामा' का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज हो चुका है। इस गाने में नोरा फतेही ने जबरदस्त डांस मूव्स से फैंस का दिल जीत लिया है। रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थामा' का हाल ही में गाना 'तुम मेरे न हुए' रिलीज हुआ था। वहीं, मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मंगलवार को मैडॉक फिल्म्स ने अगामी फिल्म 'थामा' का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर दिया है। इस गाने के आने से साफ हो गया है कि अब नोरा फतेही भी मैडॉक्स हॉरर फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। 'थामा' फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दिवाली और भी ज्यादा गरम हो गई। 21 अक्टूबर को, दुनिया भर के सिनेमाघरों में थामा के साथ एक खूनी प्रेम कहानी लेकर आ रहा है।' नोरा फतेही के जबरदस्त डांस मूव्स पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'हे भगवान सच में फिर से आग लग गई', एक और फैन ने लिखा, 'रानी वापस आ गई है ', तो वहीं कई फैंस ने नोरा के इस डांस को तमन्ना भाटिया के डांस से कंपेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'वही डांस, वही मूव्स, वही एक्सप्रेशन, वही कपड़े सब कुछ एक जैसा'। एक फैन ने लिखा, 'धमाकेदार', एक और फैन ने लिखा, 'नोरा का हर कदम आग।' फिल्म 'थामा' एक रोमांटिक कॉमेडी हॉरर प्रेम कहानी है। इसका निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।



हॉलीवुड मसाला




# जेम्स के पोस्टर्स से की छेड़छाड़

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड से चौंका देने वाली खबर सामने आ रही है। अमेजन प्राइम वीडियो ने हाल ही में जेम्स बॉन्ड की क्लासिक फिल्मों के पोस्टर्स से गन यानी बंदूकें हटा दी हैं। यह बदलाव देखने के बाद सोशल मीडिया पर फैन्स ने गुस्सा जाहिर किया और कहा कि यह संस्कृति के प्रतीक के साथ खिलवाड़ है। पिछले हफ्ते अमेजन प्राइम वीडियो यूके ने अपनी वेबसाइट पर जेम्स बॉन्ड सीरीज की नई प्रमोशनल पोस्टर इमेजेस रिलीज की थीं।



# बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सुपरस्टार ड्वेन जॉनसन के फैंस को उनकी नई फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' से काफी उम्मीदें थीं। लेकिन, ओपनिंग वीकेंड पर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर वह कमाल नहीं दिखा पाई जिसकी उम्मीद की जा रही थी। लगभग 50 मिलियन डॉलर यानी 415 करोड़ के बजट में बनी इस खेल-आधारित ड्रामा फिल्म ने पहले तीन दिनों में सिर्फ 6 मिलियन डॉलर यानी 4.98 करोड़ की कमाई की। । बॉक्स ऑफिस के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद ड्वेन जॉनसन ने अपने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा- 'दिल की गहराइयों से धन्यवाद उन सभी को जिन्होंने 'द स्मैशिंग मशीन'देखी। बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता, लेकिन हम अपने परफॉर्मेंस पर पूरा भरोसा रख सकते हैं। इस किरदार को निभाना मेरे लिए एक जीवन-परिवर्तनकारी अनुभव रहा।'



# मिर्जापुरः द फिल्म की शूटिंग शुरू की

**मुंबई।** अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने वेब सीरीज 'मिर्जापुर' पर बनी फिल्म 'मिर्जापुरः द फिल्म' की शूटिंग शुरू कर दी है। वे इसमें अपनी पॉपुलर भूमिका गजगामिनी 'गोलू' गुप्ता के रूप में लौट रही हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु शर्मा भी अपनी भूमिकाओं में वापस आ रहे हैं। श्वेता ने 'मिर्जापुरः द फिल्म' को लेकर कहा, 'गोलू मेरे लिए सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि साल से मेरी जिंदगी का साथी है। बड़े पर्दे पर उसका सफर देखना कमाल का और सपने जैसा लग रहा है।' श्वेता वाराणसी को अपना 'दूसरा घर' मानती हैं। उन्होंने बताया कि उनके कॅरियर के कई प्रोजेक्ट इस शहर से जुड़े हैं, जैसे नीरज घायवान की फिल्म मसान, शो एस्केप लाइव और कालकूट। श्वेता ने कहा, यह शहर मुझे हमेशा बुलाता है।



# हैवान में निगेटिव रोल में आएंगे नजर

**मुंबई।** मंगलवार को अक्षय कुमार फिक्की फ्रेम्स 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उन्होंने साइबर क्राइम जैसी बातों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लंबी चर्चा की। इसी दौरान अपनी फिल्म 'हैवान' को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री से सलाह मांगी। साथ ही अपने किरदार का जिक्र भी कर दिया। कार्यक्रम में अक्षय ने कहा, 'मैं एक ऐसी फिल्म कर रहा हूं, जिसमें निगेटिव रोल निभा रहा हूं। मैं सोच रहा था कि मुझे यह करना चाहिए या नहीं। फिल्म का नाम 'हैवान'है। लेकिन, अंत में मैं हार जाता हूं। हैवान हार जाता है। इस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अक्षय कुमार को सपोर्ट किया और कहा, 'हां, आपको यह रोल जरूर करना चाहिए। आप जैसे मल्टी टैलेंटेड एक्टर को हर तरह के रोल निभाने चाहिए।

टीवी मसाला



# जावेद अख्तर ने बिग बी को राज खोलने से रोका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो कौन बनेगा करोड़पति का नया प्रोमो सामने आया है। इसमें लेखक जावेद अख्तर और उनके बेटे फरहान अख्तर नजर आ रहे हैं। इस नए प्रोमो में बिग बी, जावेद अख्तर के बारे में कुछ मजेदार राज बता रहे हैं। साथ ही फरहान के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में भी कुछ कहते दिखाई दे रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत में फरहान और जावेद अख्तर, बिग बी को केक काटकर खिलाते हुए दिख रहे हैं, क्योंकि 11 अक्टूबर को अमिताभ का जन्मदिन है। इसके बाद बिग बी ने फरहान के साथ की गई 'लक्ष्य' फिल्म का अनुभव बताया। उन्होंने कहा, 'रात को ये हमारे कमरे में आए। अमिताभ अंकल, क्या आपको कोई दिक्कत हो रही है? पहली बार लगा कि मैं एक नौसिखिया ही हूं और ये उस्ताद बैठा हुआ जो कह रहा है देखो बेटा हम तुमको बताते हैं कैसे एक्टिंग करनी चाहिए।' इसके बाद सभी आश्चर्य होकर हंसने लगते हैं। आगे प्रोमो में फरहान, जावेद अख्तर और अमिताभ बच्चन से कहते हैं कि वो दोनों एक-दूसरे के बारे में कोई एक गुण बताएं। इस पर जावेद ने कहा, वह इंडस्ट्री में इतने सारे गुणों वाले इकलौते इंसान हैं, जो मैंने अब तक देखा है। फिर फरहान पूछते हैं कि दोनों में से महिलाओं के बीच कौन ज्यादा लोकप्रिय था। इसके जवाब में जावेद थोड़ा हिचकिचाते हैं, लेकिन बिग बी उनकी ओर इशारा करते हुए बताते हैं कि जावेद ही वो शख्स हैं जिन्हें महिलाएं ज्यादा पसंद करती हैं। उन्होंने आगे कहा, 'मैं बताऊं आपको' जिस पर जावेद तुरंत बीच में ही टोकते हैं, 'सब मत बताइएगा।'

## टास्क के बाद फूट-फूटकर रोईं तान्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 में मालती चाहर ने आते ही तान्या मित्तल को आईना दिखा दिया था। एक्ट्रेस ने तान्या मित्तल को बताया कि



बाहर उसके बारे में किस तरह का माहौल बन रहा है। लोगों को उसकी कही बातों पर बिल्कुल भी यकीन नहीं है। लेकिन, मालती की बातों को तान्या ने बिल्कुल भी गंभीरता से नहीं लिया। फिर एक टास्क के दौरान मालती ने ऐसी हरकत की कि तान्या रोने लगी। बाद में शो के बाकी प्रतियोगियों को मालती ने तान्या के बारे में काफी सारी बातें बताईं। जिन्हें सुनकर सब हैरान हो गए। बिग बॉस 19 के हालिया रिलीज प्रोमो में घर में एक टास्क चल रहा है, जिसे मालती चाहर लीड कर रही हैं। वह तान्या को स्विमिंग पुल में धक्का देती हैं। तान्या वहां से बाहर आने के बाद वॉशरूम में जाकर बहुत देर तक, फूट-फूटकर रोती हुईं नजर आती हैं। मातली आकर पूछती है, क्या हुआ? तान्या कहती है, मैं तुम्हारी वजह से रो नहीं रही हूं।

# ऐश्वर्या ने शेयर कीं पेरिस फैशन वीक की शानदार तस्वीरें



**पेरिस।** ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को पेरिस फैशन वीक 2025 में सितारों के साथ शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। उन्होंने सौशल मीडिया हैंडल पर बैकस्टेज की दो कमाल की ग्रुप फोटो शेयर कीं, जिनमें हॉलीवुड और फैशन की बड़ी हस्तियां नजर आ रही हैं। पहली तस्वीर में ऐश्वर्या काले रंग के स्टाइलिश कपड़ों में हेडी क्लम, वियोला डेविस, केंडल जेनर, एले फैनिंग, ईवा लोंगोरिया, एंडी मैकडॉवेल, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग जैसे सितारों के बीच खड़ी हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक सीढ़ी पर ली गई है, जहां सभी सितारे अपने-अपने ग्लैमरस कपड़ों में पोज दे रही हैं। यहां कैमिला कैबेलो, वियोला डेविस, एंडी मैकडॉवेल, हेडी क्लम, ईवा लोंगोरिया, एले फैनिंग, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग दिखीं। यह इवेंट लोरियल का सालाना रनवे शो 'ले डेफिले 2025' था, जो सौंदर्य और महिलाओं की ताकत पर जोर देता है। ऐश्वर्या ने एक और पोस्ट में वीडियो शेयर किया, जिसमें वे डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के हीरों वाली ड्रेस में कमाल लग रही हैं। वीडियो में वे सिमोन एश्ले (ब्रिजर्टन स्टार) से बात करती नजर आईं। उनकी बेटी आराध्या भी साथ थीं। मां-बेटी की जोड़ी सेल्फी लेती, हंसती और मजे करती दिखी।

# सिग्नल पर भीख मांगती थी फिल्मों की ये साइड एक्ट्रेस अनिल, आमिर की फिल्मों में किया था शानदार काम



**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्मों में कई ऐसे साइड किरदार नजर आए होंगे जो आपको पसंद तो बहुत हैं, लेकिन उनके बारे में कम ही जानकारी मौजूद है। ऐसी ही एक करैक्टर आर्टिस्ट थीं मिस मिमी। इन्हें आपने 90 के दशक की कई फिल्मों में अपने बढे हुए वजन के साथ देखा होगा। मिस मिमी कोई एक्टर नहीं थीं, बल्कि सिग्नल पर भीख मांगने वाली एक ऐसी लड़की थी जिसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। सिग्नल से फिल्मों तक का सफर किसी चमत्कार से कम नहीं था।

### आमिर की फिल्म से शुरुआत

आमिर खान और माधुरी दीक्षित की फिल्म दिल तो आपको याद ही होगी। इस फिल्म में एक बॉक्सिंग मुकाबले का सीन आता है, जहां आदिल ईरानी हार जाते हैं। उस हार के पेनल्टी के रूप में मिस मिमी उन्हें किस करती हैं। उसी एक सीन ने उन्हें नाम दिया मिस मिमी। इस बारे में एक इंटरव्यू में आदिल ईरानी ने बताया कि मिस मिमी को उन्होंने सड़क पर एक भिखारिन के रूप में देखा था, तब उनके भाई इंदर कुमार ऐसा लुक ढूंढ रहे थे। और उसी से इंस्पायर्ड होकर उन्होंने उस लड़की को दिल फिल्म में छोटा रोल दिया और एक्टिंग करवाई।


### मुंह से आती थी बदबू

आदिल ने कहा कि उस किस सीन में जब मिस मिमी अपना चेहरा उनके करीब ले जाती हैं, तो उनके मुंह से बदबू आ रही थी। मिस मिमी के मुंह से आने वाली उस बदबू ने उन्हें अजीब महसूस कराया। बाद में कहा जाता है कि मिस मिमी ने बेटा और दिलजले जैसी फिल्मों में भी काम किया। लेकिन, मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ न होने के कारण, वो जो कुछ भी मिल जाता, वही खा लेती थीं। इस वजह से एक दिन उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बुरी तरह बीमार हो गईं। रिपोर्ट ये भी हैं कि मिस मिमी का एक्सीडेंट हो गया था।

## करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को बनाता है मजबूत

# इस साल ये जोड़ियां मनाएंगी अपना पहला करवा चौथ

*नई दिल्ली। करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को और मजबूत बनाता है। इस बार कई नई शादीशुदा जोड़ियां अपना पहला करवा चौथ धूमधाम से मनाएंगी। ये जोड़ियां न केवल अपने रिश्ते को नया रंग देंगी, बल्कि फैंस के लिए भी यह त्योहार खास बन जाएगा। करवा चौथ की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ ये टीवी सेलेब्स भी करवा चौथ का जश्न मनाएंगे।*



### अरमान मलिक और आशना श्रॉफ

मशहूर सिंगर अरमान मलिक ने हाल ही में आशना श्रॉफ से शादी की है। यह उनका पहला करवा चौथ होगा, जो काफी खास होने वाला है। 2019 से एक-दूसरे को डेट करने के बाद अरमान मलिक और आशना श्रॉफ ने 2 जनवरी, 2025 को शादी की थी। दानों ने इंस्टाग्राम पर 'तू ही मेरा घर' के खास कैप्शन के साथ अपनी शादी की तस्वीरें शेयर की थीं। अरमान मलिक एक मशहूर बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर हैं, जबकि आशना श्रॉफ एक भारतीय फैशन और ब्यूटी ब्लॉगर, यूट्यूबर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं।



### अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर

अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर ने हाल ही में सगाई की है, जिसकी शानदार तस्वीरे अभी भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर की बहन अंशुला ने 2 अक्टूबर को रोहन से सगाई की है। हो सकता है कि अंशुला सगाई के बाद रोहन के लिए करवाचौथ का व्रत रखें।



### अविका गौर और मिलिंद चंदवानी

टीवी सीरियल 'बालिका वधु' से घर-घर प्रसिद्ध हुईं अविका गौर ने हाल ही में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड मिलिंद चंदवानी से शादी की है। उनकी शादी 'पति पत्नी और पंगा' के सेट पर हुई थी। यह अविका का पहला करवा चौथ होगा। अविका ने 'ससुराल सिमर का' समेत कई हिट शोज और वेब सीरीज में अभिनय किया है।

*__झील मेहता और आदित्य दुबे__ : अभिनेत्री झील मेहता ने आदित्य दुबे से विवाह किया है। नई दुल्हन झील इस त्योहार को पति के लिए व्रत रखकर सेलिब्रेट कर सकती हैं। झील मेहता ने अपने लंबे समय के साथी आदित्य दुबे से शादी की है। उन्होंने दिसंबर 2024 में भव्य शादी की थी। फिर फरवरी 2025 में अपनी कानूनी शादी (रजिस्ट्री) पूरी की। अभिनेत्री झील मेहता 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोनू के किरदार के लिए मशहूर हैं।*

## खबर संक्षेप

### रोटरी क्लब ने विशेष गुरुकुल को दिया प्रिंटर

**रोहतक।** रोटरी क्लब के पदाधिकारियों द्वारा सुभाष नगर स्थित विशेष गुरुकुल को मानसिक रूप से कम विकसित बच्चों की ट्रैनिंग में सहायता करने के लिए एक रंगीन प्रिंटर प्रदान किया। यह विशेष गुरुकुल एक चैरिटेबल ट्रस्ट है जो मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण बच्चों को उचित मानसिक विकास और खेल कूद का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए समर्पित है। रोटरी क्लब के प्रधान डॉ एस एल वर्मा, क्लब सचिव डॉ सुनील मुंजाल, क्लब निदेशक डॉ आरके चौधरी, कोषाध्यक्ष अमित गोयल और सह सचिव अमित नागपाल इस अवसर पर उपस्थित थे।

### 93 वर्षीय पूर्व सैनिक को किया सम्मानित

**रोहतक।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की टीम ने सुबेदार हुक्म चन्द (93 वर्ष) को सम्मानित किया। कार्यक्रम में कर्नल गोपाल, राजकीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, हरियाणा, गंगाराम भारद्वाज, पेटी ऑफिसर विजय कुमार, हवलदार सुरेश कुमार, जाट रेजिमेन्ट और उनके बेटे कैप्टन हरिओम गरीमामयी की उपस्थिति रही। सुबेदार हुक्म चन्द गांव पहरावर के निवासी हैं। उन्होंने अपने गांव से आठवीं कक्षा तक पढ़ाई पूरी करने के बाद सन 1952 में भारतीय सेना के मेडिकल कोर्स में भर्ती ली।

### विरेन्द्र हुड्डा प्रधान, राजेश खरकड़ा बने सचिव

**रोहतक।** हरियाणा एजुकेशन मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का 13वां जिला सम्मेलन स्थानीय कर्मचारी भवन नजदीक सुखपुरा चौंक में प्रधान राम प्यारा हुड्डा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में 85 डेलिगेट,10 आब्जर्वर,10 वालिंटियर ने हिस्सा लिया। सम्मेलन का उद्घघाटन दि रेवैन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के प्रांतीय प्रधान जयबीर चहल द्वारा किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर जिला प्रधान कर्मवीर सिवाच, सचिव मन्जीत पांचाल, केन्द्रीय कमेटी सदस्य प्रेम घिलोडिया, विजय लाम्बा, अनिता रानी ने शिरकत की।

### आईसीडीएस एसोसिएशन की बैठक आयोजित

**रोहतक।** कर्मचारी भवन में मंगलवार को आईसीडीएस सुपरवाइजर वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा की राज्य स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रदेशभर के सैंकड़ों सुपरवाइजर्स ने हिस्सा लिया। बैठक में सुपरवाइजर्स ने विभाग द्वारा उनके उत्पीड़न के विभिन्न तरीकों के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। सुपरवाइजर्स ने बताया कि विभाग द्वारा पदोन्नति रोकना, ऑनलाइन कार्य के नाम पर मानसिक तनाव बढ़ाना, रिपोर्ट तैयार करवाने के लिए घंटों ड्यूटी समय के बाद काम लेना और फील्ड कर्मचारियों को भी रोजाना आफिस बुलाना जैसी समस्याएं लगातार जारी हैं। इसके अलावा, ट्रकों में बैठाकर सप्लाई करवाना और वॉट्सएप पर रात तक रिपोर्ट मांगना जैसी परेशानियां भी आम हैं।

# गजेंद्र फौगाट को सामाजिक संस्थाओं ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मैना टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में आयोजित समारोह में हरियाणा की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत बनाए रखने में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कलाकार, मुख्यमंत्री के ओएसडी व कला परिषद के निदेशक गजेंद्र फौगाट को विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थाओं एवं प्रबुद्धजनों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जाट संस्था के निवर्तमान प्रधान राज सिंह नांदल, मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय राठी समेत प्रदेशभर से अनेकों गणमान्यजन, साहित्यकार, कलाकार व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गजेंद्र फौगाट द्वारा प्रदेश में साफ-सुथरी संस्कृति और संदेशपरक कला के प्रचार-प्रसार के प्रयासों की सराहना की। समारोह को संबोधित करते हुए राज सिंह नांदल ने कहा कि गजेंद्र फौगाट ने 25 साल पहले जब जाट संस्था से अध्यापन कार्य शुरू किया तब ये मंझे हुए कलाकार बन चुके थे, उसी दौरान इन्हें मुम्बई में भारत के पहले रिएलिटी शो को जीतने का सौभाग्य मिला। उसके बाद इन्होंने पीछे मुड़ के नहीं देखा।

## फौगाट राष्ट्रीय पदक प्राप्त बास्केटबॉल खिलाड़ी भी रहे, 1999 में जाट संस्था से जुड़कर छात्रों बताई थी बारीकियां

### जाट संस्था के इतिहासकार और राष्ट्रीय पदक विजेता बास्केटबॉल खिलाड़ी

राजसिंह नांदल ने कहा कि फौगाट ने जाट संस्था दी ग्रेट नामक एल्बम भी निकाली, जिसमें रोहतक की जाट संस्था का सम्पूर्ण इतिहास था। इसे तत्कालीन मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने लोकार्पित किया था। उन्होंने कहा कि फौगाट राष्ट्रीय पदक प्राप्त बास्केटबॉल खिलाड़ी भी रहे हैं। इन्होंने 1999 में जाट संस्था में छात्र-छात्राओं को बास्केटबाल की बारीकियां सिखाने में महत्वपूर्ण कार्य किया। इस मौके पर मीडिया कौंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय राठी ने बताया कि फौगाट ने 26 साल पहले मीडिया के गुर सीखे व उसके पश्चात जीजेयू से पत्रकारिता की डिग्री प्राप्त करके सूचना जनसम्पर्क विभाग में उच्च पद पर चयनित हुए।



### हरियाणा की कला और संस्कृति की सेवा के लिए जताई प्रतिबद्धता

कार्यक्रम में गजेंद्र ने कहा कि मैं हमेशा प्रदेश की कला व संस्कृति की सेवा करता रहूंगा। यह मेरा धर्म भी है और कर्तव्य भी। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में हरियाणा सरकार ईमानदारी से प्रदेश के चहुमुखी विकास के लिए कार्य कर रही है, जिसमें कला और संस्कृति को भी महत्त्वपूर्ण स्थान दिया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी संस्थाओं व गणमान्य जनों ने गजेंद्र फौगाट को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और आशा जताई कि वे इसी प्रकार प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते रहेंगे।

## विकास भवन में संत महापुरुष सम्मान एवं विचार-प्रसार योजना के तहत हुआ कार्यक्रम

# महर्षि वाल्मीकि ने एकता, समानता और सदाचार का दिया संदेश : राम अवतार

- *जिला स्तरीय कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों की रही भागेदारी*
- *मेयर न युवाओं को सत्य के साथ कार्य करने की दी प्रेरणा*

> महषि वाल्मीकि ने अपने जीवन से यह दिखाया कि गलत कर्मों को छोड़क़र और संघर्ष व परिश्रम से व्यक्ति महान बन सकता है। रामायण के माध्यम से उन्होंने समाज में एकता, समानता और सदाचार का संदेश दिया साथ जीवन में सत्य को अपनाने की प्रेरणा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मेयर राम अवतार वाल्मीकि ने आमजन से महर्षि वाल्मीकि के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है। राम अवतार वाल्मीकि आज जिला विकास भवन में संत महापुरुष सम्मान एवं विचार-प्रसार योजना के तहत महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन धर्म, सत्य, करुणा, शिक्षा, धैर्य और मानव जाति के उत्थान का संदेश देता है। उन्होंने अपने जीवन से यह दिखाया कि गलत कर्मों को छोडक़र और संघर्ष व परिश्रम से व्यक्ति महान बन सकता है। रामायण के माध्यम से उन्होंने समाज में एकता, समानता और सदाचार का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हम सबको उनके आदर्शों और सिद्धांतों को अपनाकर आगे चलना होगा। रामावतार वाल्मीकि ने कहा कि महापुरुषों को किसी जाति अथवा क्षेत्र के बंधन में नहीं बांधा जा सकता। महापुरुषों द्वारा दी गई शिक्षा व संदेश समूचे समाज को लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा की पहली ऐसी सरकार है, जिसने सभी महापुरुषों की जयंतियां सरकारी खर्च पर मनाने का निर्णय लेकर उसे प्रदेश भर में लागू किया।



—1—जिला विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग।



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते मेयर राम अवतार वाल्मीकि। फोटो : हरिभूमि

### सरकार की योजनाएं बताई

कार्यक्रम में बताया कि वर्ष 2014 से पूर्व अलग-अलग समाज के लोगों को महापुरुषों की जयंती मनाने के लिए चंदा एकत्रित करना पड़ता था।उन्होंने कहा कि हरियाणा में व्यवस्था परिवर्तन में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी महर्षि वाल्मीकि के दिखाए हुए रास्ते पर चलते हुए दिन-रात मेहनत करके जनता की सेवा में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव में लोगों से जो भी वायदा करती है उसे अवश्य पूरा किया जाता है। हाल ही में प्रदेश में लागू की गई दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना इसका ताजा उदाहरण है।

### महर्षि वाल्मीकि ने सत्य और ईमानदारी का पाठ पढ़ाया

भाजपा के जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का संदेश हमें मेहनत करके आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मेहनत के अलावा जीवन में आगे बढने का दूसरा कोई विकल्प नहीं है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सभी महापुरुषों की जयंतियां सरकारी खर्च पर मनाई जा रही है। इस मौके पर एसडीएम आशीष कुमारएसडीएम आशीष कुमार ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण जैसे महाकाव्य की रचना की। उन्होंने कहा कि हम सबको उनके आदर्शों और सिद्धांतों को अपनाकर आगे चलना होगा। पार्षद सुरेश किराड़ व भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुखबीर चंदोलिया ने भी अपने संबोधन में महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डाला और बताया कि उनका संदेश मौजूदा समय में भी प्रासांगिक है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, नगराधीश अंकित कुमार, पार्षद सुरेश किराड़, जिला उपाध्यक्ष सुखबीर चंदोलिया, महामंत्री नितिन जैन, पार्षद अशोक वर्मा, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन पदम ढुल, अमित बंसल, गीता ओल्हाण, नवीन शर्मा, अंकुश बिड्ढ, कुलदीप रूडकी, धर्मवीर शर्मा व रिंकू कपूर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



### महर्षि वाल्मीकि जयंती श्रद्धा से मनाई

**रोहतक।** पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के निदेशक कार्यालय में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एस के सिंघल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि माना जाता है, जिन्होंने रामायण जैसे महाकाव्य की रचना की। डॉ. सिंघल ने कहा कि संतों ने हमेशा समाज के कल्याण की कामना की। इतिहास घर से ही प्रारंभ होता है, इसलिए परिवार में इन आदर्शों को जोड़कर रखें ताकि आने वाली पीढ़ी इन विचारों से वंचित न रहे। डॉक्टर सिंघल ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि जयंती आश्विन मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है, जिसे शरद पूर्णिमा भी कहा जाता है। उन्हें विश्व के आदि कवि के रूप में सम्मानित किया जाता है। एससी एसटी एसोसिएशन के प्रधान अशोक कांगड़ा ने निदेशक डॉ. एसके सिंघल की पहल की सराहना की और कहा कि ऐसा कार्यक्रम संस्थान में पहले कभी नहीं हुआ। कृष्ण गोच्छी ने कहा कि महापुरुष किसी एक समाज के नहीं, सभी के होते हैं। केके हंस ने बताया कि डॉ. सिंघल जैसे अधिकारी छोटे-बड़े की भावना रखे बिना नए कार्य की शुरुआत की है।



**महम।** रोहिल्ला समाज के लोगों को संत नामदेव जयंती समारोह का निमंत्रण देते नामदेव सभा के प्रदेश अध्यक्ष सतवीर वर्मा। फोटो :हरिभूमि

### संत नामदेव जयंती समारोह का निमंत्रण दिया

**महम।** हिसार की गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी में 26 अक्टूबर को संत नामदेव जयंती मनाई जाएगी। पूर्व चेयरमैन एवं नामदेव सभा के प्रदेश अध्यक्ष सतवीर वर्मा महम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रोहिल्ला समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में संत नामदेव जयंती में भाग लेने की अपील की। बताया कि हिसार में गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम मे होने वाले संत नामदेव जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मौजूद रहेंगे। निमंत्रण के दौरान मास्टर कंवर सिंह, गौरव, अशोक, राजेश,रमेश, सतवीर, जयभगवान, पवन, अनिल रोहिल्ला, नरेश, जयकिशन, प्रदीप व संदेश समेत रोहिल्ला समाज के कई व्यक्ति मौजूद थे।

# वाल्मीकि की रामायण ने विश्व को दी दिशा : हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महान ग्रंथ रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर मंगलवार को बीडीपीओ कार्यालय महम के सभागार में उपमंडल स्तरीय समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा नेता दीपक निवास हुड्डा ने शिरकत की। जबकि एसडीएम महम मुकुंद तंवर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। भाजपा नेता दीपक निवास हुड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी न केवल आदिकवि थे, बल्कि मानवता, सत्य और समानता के प्रतीक भी थे।



**महम।** महर्षि वाल्मीकि की तस्वीर के सामने पुष्प अर्पित करते एसडीएम मुकुंद तंवर व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने समाज को यह सिखाया कि परिवर्तन संभव है, यदि व्यक्ति सच्ची निष्ठा और आत्मबल से अपने जीवन को दिशा दे। उनके जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि कठिन परिस्थितियों में भी मनुष्य कर्मपथ से विचलित न हो।

### समारोह में लोगों को किया प्रेरित



**महम।** वाल्मीकि जयंती समारोह में मौजूद श्रद्धालु।

### प्रधानमंत्री मोदी अंत्योदय की भावना से कर रहे काम

दीपक निवास हुड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंत्योदय की भावना के साथ काम कर रहे हैं और प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में विकास का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि जी के आदर्श आज के समाज में सद्भाव, समानता और स्वच्छता का संदेश देते हैं। एसडीएम मुकुंद ने कहा कि महापुरुषों की शिक्षाएं समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के आदर्श हर व्यक्ति के जीवन में प्रकाश पुंज की तरह हैं। इस अवसर पर ब्लॉक समिति के चेयरमेन नवनीत राठी, तहसीलदार रवि कुमार, बसंत लाल गिरधर आदि रहे।

# विकल्प पब्लिक स्कूल में 'मेंटल हेल्थ एंड अवेयरनेस' विषय पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विकल्प पब्लिक हाई स्कूल में सीबीएसई इन-हाउस ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का विषय थामेंटल हेल्थ एंड अवेयरनेस अमंग स्टूडेंट्स, जिसका संचालन स्कूल की प्राचार्या एवं टीओटी किरण पाहवा ने किया। सत्र में स्कूल की सभी अध्यापिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक आवश्यकताओं को समझने तथा उन्हें उचित सहयोग प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित करना था। सेशन के दौरान किरण पाहवा ने विस्तार से बताया कि आज के समय में विद्यार्थी अनेक मानसिक और भावनात्मक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। जैसे तनाव, प्रतिस्पर्धा का दबाव और आत्मविश्वास की कमी। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक इन परिस्थितियों में गाइड, मेंटर और सपोर्ट सिस्टम के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।



## ट्रांसफर आदेश 6 दिन बाद रद्द, फर्जी साइन की चर्चा जोरों पर

# मदवि में 9 कर्मचारियों की ट्रांसफर पर तकरार

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय प्रशासन में दो अधिकारियों के बीच कुछ महीने से तकरार जारी है। ये किसी से छुपा नहीं है। लेकिन अब ये तकरार फाइलों में भी दिखाई देने लगी है। कुछ दिन पहले एक अधिकारी ने 9 नॉन टीचिंग कर्मचारियों के तबादले किए। इसकी जानकारी दूसरे अफसर को कर्मचारियों ने दी तो उन्होंने इन तबादलों को तुरंत प्रभाव से रद कर दिया। अफसरों में ऐसे ही खींचातान होती रही तो प्रशासनिक व्यवस्था कैसे पटरी पर रहेगी। किस-किस अधिकारी में बीते सात आठ महीने से शुरू दिन से ही दूरियां बनी हुई हैं, ये यूनिवर्सिटी का एक एक कर्मचारी बाखूबी जानता है। जिस अधिकारी ने तबादले के ऑर्डर गत 1 अक्टूबर को किए थे, वह उनका प्रशासनिक अधिकार था। इस अधिकारी से चूक ये हुई कि उन्होंने दूसरे अफसर को इस बारे में इत्तला नहीं की। कायदे से जब भी कोई आदेश जारी किया जाता है तो उसकी कॉपी अफसर को भेजी जाती है। अफसर को कॉपी नहीं भेजी तो उन्होंने 6 अक्टूबर को अधिकारी का आदेश ही रद ही कर दिया।

### अधिकारियों की रस्साकसी कर्मचारियों की मौज

अधिकारियों की इस आपसी रस्साकसी में उन कर्मचारियों की मौज हो गई,जिनके तबादले किए गए थे। क्योंकि कर्मचारी नहीं चाहते थे कि उनका तबादला एक ऑफिस से दूसरे में हो। फिर क्या था उन्होंने अपने अधिकार का प्रयोग किया और बदली के आदेश करते हुए कर्मचारी को ऑर्डर दिया कि तुरंत पहले वाली जगह ड्यूटी करने की रिपोर्ट मेरे कार्यालय को अवगत कराया जाए।

### सहायक तक है अधिकार

विवि की प्रशासनिक व्यवस्था के मुताबिक क्लर्क और सहायकों का तबादला करने का अधिकार प्रशासनिक अधिकारी को है। इनसे इत्तर अधिकारी तबादले नहीं कर सकता है। यानी के डिप्टी सुपरिटेंडेंट, सुपरिटेंडेट, सहायक सचिव, और डिप्टी रजिस्ट्रार के तबादले करना है, प्रशासनिक अधिकारी के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। गत एक अक्टूबर को प्रशासनिक अधिकारी ने 3 क्लर्क, 4 सहायक, एक स्टेनो, और एक जूनियर स्टोर कीपर का तबादला किया था। ये ट्रांसफर दिखने में तो सामान्य ही दिखाई देती हैं। लेकिन अधिकारी ने अपनी मर्जी से नहीं की थी। ऐसा सूत्रों का कहना है। बताया जा रहा है कि तबादले होते ही कर्मचारियों में तू-तू मैं मैं हो गई। कर्मी लामबंद होकर एक अधिकारी के पास पहुंचे तो अफसर ने कहा कि तबादले बिल्कुल भी नहीं किए।

### यह भी चल रही चर्चा ।

वीसी आवास में छात्रों के जबरदस्ती घुसने के बाद से माहौल में कुछ अफरा-तफरी मची है। इस बीच बीते दो-चार दिन से एक चर्चा हो रही है कि कुछ शिक्षकों के फर्जी हस्ताक्षर करवाकर एक ज्ञापन विश्वविद्यालय के अधिकारी को दिया गया है। कहा तो ये जा रहा है कि ज्ञापन दिया नहीं गया है, बल्कि मंगवाया है। इस मांगपत्र को लेकर कहा जा रहा है कि इस पर कुछ शिक्षकों के हस्ताक्षर फर्जी हैं। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों एक यूनियन के ऑफिस में एक छात्र नेता ने एक अधिकारी की कार्यप्रणाली को लेकर प्रेस कांफ्रेंस की थी। इससे ही अधिकारी खफा है। सूत्र बताते हैं कि ये तो एक ताजा मामला है। अधिकारी को काफी दिनों से ही चुने हुआ पदाधिकारी फूटी आंख नहीं सुहाता है।

### 2 पूर्व प्रधान होंगे 31 अक्टूबर को रिटायर

30 या 31 अक्टूबर को नॉन टीचिंग यूनियन का चुनाव होना है। शनैःशनैः कर्मचारी इलेक्शन के रंग में रंगने लगे हैं। तीनों पैनल अपनी-अपनी जीत पक्की करने के लिए दिन रात एक किए हुए हैं। अभी तक प्रधान के अलावा एक दो और पद पर ही उम्मीदवारों के नाम पैनलों ने नाम सार्वजनिक रुप से बताए हैं। एक पैनल, दूसरे की काट कैसे कर सकता है,इसे केंद्र बनाकर प्रत्याशियों के समीकरण तैयार किए जा रहे हैं। मालूम ये भी रहे कि पूर्व प्रधान रणधीर कटारिया और राजकुमार शर्मा 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। कटारिया, विकास गिल पैनल को मदद कर रहे हैं। जबकि शर्मा का समर्थन अजमेर सिंह को है। ऐसे में पूर्व प्रधान फूल कुमार बोहत खाली कैसे बैठते। इन्होंने सुरेश कौशिश को इस बार अपना समर्थन दिया है।



**रोहतक।** भगवान वाल्मीकि जयंती के अवसर पर कार्यक्रम में प्रसाद वितरण करते मुख्य अतिथि युवा नेता हिमांशु ग्रोवर।

### पुराने बस अड्डे पर वाल्मीकि जयंती श्रद्धा के साथ मनाई

**रोहतक।** भगवान वाल्मीकि जयंती के अवसर पर पुराना बस अड्डा में भव्य प्रकटोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा नेता हिमांशु ग्रोवर रहे, जबकि समाजसेवी मंजुल पालीवाल ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक रवि चौहान ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित करके की गई। इस अवसर पर खीर का प्रसाद भी वितरित किया गया। हिमांशु ग्रोवर ने वाल्मीकि जयंती की बधाई देते हुए कहा कि भगवान वाल्मीकि ने रामायण लिखकर राम जी के आदर्श सभी तक पहुंचाए और उनका मार्गदर्शन किया। मंजुल पालीवाल ने बताया आदि कवि वाल्मीकि ने माता सीता को आश्रय दिया और लव-कुश को शिक्षा देकर कुशल बनाया।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Ward Boy 2
- Gate Keeper 2
- Computer Operator (Male) 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

# हीफा का चौथा वार्षिक समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह

डॉ. महासिंह पूनिया, डॉ. अनूप लाठर, डॉ. राजेंद्र गौतम और हरीश कटारिया को मिला सम्मान



**हीफा: हरियाणवी सिनेमा और संस्कृति**

हीफा हरियाणवी सिनेमा और कलाकारों के लिए एक ऐसा मंच है, जहां हरियाणा के सभी कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। पिछले चार वर्षों से हीफा में शॉर्ट फिल्म, हरियाणवी गीत और कहानी लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इस वर्ष भी इन सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद हीफा का गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथियों और वरिष्ठ कलाकारों ने मंच से अपने विचार साझा किए। डॉ. अमित आर्या ने कहा कि हीफा का उद्देश्य सुपवा की तरह हरियाणवी सिनेमा और संस्कृति के उत्थान में योगदान देना है। अध्यक्ष जनार्दन शर्मा ने कहा कि हीफा हरियाणा की संस्कृति और साहित्य में उत्कृष्ट प्रतिभाओं को मंच प्रदान करता है। समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला रही।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणवी इनोवेटिव फिल्म एसोसिएशन (हीफा) का मंगलवार को चौथा वार्षिक एवं पुरस्कार वितरण समारोह बड़े उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दादा लखमीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स के वाईस चांसलर डॉ. अमित आर्या और विशिष्ट अतिथि बॉलीवुड अभिनेता–निर्देशक यशपाल शर्मा एवं हरिओम कौशिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक डॉ. अल्पना सुहासिनी ने किया।

### विजेताओं को किया गया सम्मानित

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान किया गया। हरियाणवी वीडियो गीत में राम मिले भगवान को प्रथम स्थान मिला, जबकि न्यारा हरियाणा और ब्यूटी एंड डयूटी दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। हिंदी शॉर्ट फ़िल्म में "थर्सडे स्पेशल" ने प्रथम, "हैंडफुल ऑफ़ लाइफ" दूसरे और "20 रु. नोट" तीसरे स्थान पर रही। हरियाणवी शॉर्ट फिल्म श्रेणी में "नचार" प्रथम, "भाई" द्वितीय और "भोगा भगत" तृतीय स्थान पर रहीं।

### हीफा गोरवा सम्मान से भी नवाजा

डॉक्यूमेंट्री और कहानी लेखन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। लोक धरोहर, लोक संस्कृति, साहित्य और सिनेमा के क्षेत्रों में योगदान देने वाले विभूतियों को हीफा गौरव सम्मान से नवाजा गया। इस वर्ष डॉ. महासिंह पूनिया, डॉ. अनूप लाठर, डॉ. राजेंद्र गौतम और हरीश कटारिया को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। यह समारोह हरियाणवी संस्कृति, कला और सिनेमा के उत्थान का प्रतीक रहा, जिसमें कलाकारों की प्रस्तुतियों, फ़िल्मों और पुरस्कार वितरण ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया।

## खबर संक्षेप



### तैराकी में विजयी हुई जाट कॉलेज की टीम

**रोहतक।** तैराकी प्रतियोगिता में 21 में से 15 इवेंट में जीत का परचम लहराने पर जाट कॉलेज की टीम का कॉलेज पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना, कॉलेज प्राचार्य डॉ जोगेंद्र सिंह दहिया, खेल बोर्ड के अध्यक्ष डॉ बलराज देशवाल, शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ सुखबीर सिंधु व अन्य शिक्षकों ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए ओलंपिक स्तर तक जाने की प्रेरणा दी।

### जय भारत मंच ने धूमधाम से मनाई वाल्मीकि जयंती

**रोहतक।** गांव मुंगाण में जय भारत मंच द्वारा वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया गया वाल्मीक जयंती के अवसर पर श्रीभगवान वर्मा ने सभी को प्लास्टिक मुक्त पर संदेश दिया और सभी ने संकल्प लिया कि आगे जो भी कोई भंडारा लगेगा उसमें प्लास्टिक के गिलास व प्लेट का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा उनकी जगह स्टील के बर्तनों में प्रसाद वितरित किया जाएगा। इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए जय भारत मंच अध्यक्ष जिला रोहतक श्रीभगवान वर्मा ने 21 प्लेट 21 चम्मच 21 स्टील के छोटे गिलास भेंट किये। सभी को वाल्मीक जयंती की शुभकामनाएं दी पूरे गांव में वाल्मीकि जयंती पर सभी ने मिलकर वाल्मीकि जयंती मनाई।

## जिले में पिछले एक सप्ताह के भीतर छह हत्याओं ने लोगों को दहला कर रख दिया

# जिले में एक सप्ताह में छह हत्याएं, सुरक्षा पर उठे सवाल

## त्योहारों के बीच खून की 'होली'

*ग्रामीण इलाकों से लेकर शहर की गलियों तक खून से लथपथ घटनाओं ने जनमानस में भय का वातावरण बना दिया है। 30 सितम्बर से 7 अक्टूबर के बीच वारदातें हुई*

नीरज वर्मा ▶▶| रोहतक

त्योहारों शुरू होते ही जहां शहर और गांवों में रौनक का माहौल होना चाहिए था, वहीं जिले में पिछले एक सप्ताह के भीतर छह हत्याओं ने लोगों को दहला कर रख दिया है। एक तरफ पुलिस त्योहारी सीजन में सुरक्षा को लेकर दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर लगातार हो रही वारदातों ने इन दावों की पोल खोल दी है। ग्रामीण इलाकों से लेकर शहर की गलियों तक खून से लथपथ घटनाओं ने जनमानस में भय का वातावरण बना दिया है। 30 सितम्बर से 7 अक्टूबर के बीच वारदातें हुई।

### मासूमों को नहर में डुबोकर की हत्या

सबसे दर्दनाक घटना गांव किलोई में सामने आई, जहां 30 सितंबर को दो मासूम बच्चों को बेरहमी से नहर में डुबोकर मार दिया गया। दोनों बच्चों की उम्र 8 और 10 वर्ष बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक रंजिश की आशंका जताई जा रही है। बच्चों के शव नहर से बरामद होने के बाद गांव में मातम छा गया। परिजनों ने इस घटना को सुनियोजित हत्या करार दिया है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिए। साथ ही हत्या के मामले में आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

### गिझी में दोस्त ने ही की दोस्त की हत्या

गांव गिझी में 6 अक्टूबर की है, गिझी गांव का प्रदीप (40) मजदूरी करता था। जबकि उसका दोस्त पवन बेरोजगार है। प्रदीप और पवन की पत्नियां उन्हें छोड़कर मायका जा चुकी हैं। प्रदीप के माता पिता और भाई की भी मौत हो चुकी है। वह अब अपने 12 साल के बेटे के साथ अकेला रहता था। इसी गांव का पवन उर्फ काला अक्सर प्रदीप के मकान पर आते जाते रहता था। सोमवार की सुबह भी पवन प्रदीप के घर पर आया। इसके बाद दोनों ने दोपहर तक एक साथ शराब पी। इस दौरान पवन प्रदीप के साथ तेज आवाज में झगड़ा करता रहा। फिर तैश में आकर पास रखी कुल्हाड़ी से प्रदीप की गर्दन और चेहरे पर वारकर उसे मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गया। जब परिवार के लोग आए तो प्रदीप खून से लथपथ पड़ा हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



**रोहतक।** सूर्य नगर में मौके पर मृतक के परिजनों से बातचीत करते पुलिस अधिकारी।

### काठ मड़ी में लाठी-डंडों से पीटकर युवक की हत्या

रेलवे रोड निवासी सुशील ने अपने बेटे जयदेव की हत्या को लेकर 5 अक्टूबर को पुलिस को शिकायत दी थी। सुशील ने बताया कि उसका बेटा 5 अक्टूबर की सुबह रोज की तरह काम पर जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। कुछ समय बाद सूचना मिली कि काठ मंडी पीपल वाली गली में कुछ युवकों ने उसके बेटे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया है। घटना के बाद स्थानीय लोग गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों की टीम ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही थाना शिवाजी कॉलोनी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।पुलिस ने जांच दौरान सीसीटीवी फुटेज, बयानों और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से तीनों नाबालिग आरोपियों की पहचान की। इसके बाद विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई और सभी आरोपियों को कम समय में काबू कर लिया गया।

### सूर्या नगर में बुजुर्ग की हत्या, घर में मिला शव

चौथी वारदात शहर के सूर्या नगर इलाके की है, जहां एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव 7 अक्टूबर को घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। पड़ोसियों ने जब कई घंटों तक बुजुर्ग को बाहर नहीं देखा तो उन्होंने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब दरवाजा तोड़ा तो अंदर खून से लथपथ शव पड़ा था। पुलिस को शक है कि किसी परिचित ने ही वारदात को अंजाम दिया है, क्योंकि घर में जबरदस्ती घुसने के कोई निशान नहीं मिले।

**महिला की हत्या:** सूर्य नगर निवासी संतोष ने 2 अक्टूबर को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह फरमाणा गांव की रहने वाली है। साथ ही आठ साल से सूर्य नगर में परिवार के साथ रहती हूं। उसके सूर्य नगर में चार मकान हैं। उनमें से एक मकान चार साल से उर्मिला उर्फ रीमा नाम की महिला को किराये पर दे रखा था।

**अपराध की बाढ़ में डूबा रोहतक, पुलिस के दावे खोखले साबित:** एक सप्ताह में छह हत्याओं ने जिले की कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। त्योहारों को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने जगह-जगह नाके लगाने और पेट्रोलिंग बढ़ाने के दावे किए थे, लेकिन इन हत्याओं ने उन दावों की हवा निकाल दी। खास बात यह है कि ज्यादातर घटनाएं गांवों में हुईं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की मौजूदगी पर सवाल उठ रहे हैं।

**एसपी ने दिए सख्त निर्देश, गांवों में बढ़ेगी पुलिस गश्त:** लगातार हो रही घटनाओं के बाद एसपी नरेंद्र बिजराणिया ने सभी थाना प्रभारियों निर्देश दिए हैं कि रात के समय गश्त बढ़ाई जाए, संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जाए और ग्रामीण चौकियों को सक्रिय किया जाए। साथ ही, त्योहारों के दौरान विशेष सुरक्षा अभियान चलाने के आदेश दिए गए हैं।



**महम।** आईटीआई प्रशिक्षण उपरांत विद्यार्थियों को एमसीवीटी प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए नपा प्रधान भारती पंवार व अन्य

## आईटीआई के दीक्षांत समारोह में ट्रेनिंग पास छात्रों को बांटे एमसीवीटी प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महम में दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें 500 ट्रेनिंग पास छात्र छात्राओं को एमसीवीटी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान महम के प्रधानाचार्य इन्द्र सिंह ने बताया कि उनके संस्थान में वर्ष 2025 में व इससे पूर्व के पासशुदा छात्र व छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरण के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।

### आईटीआई दीक्षांत समारोह का आयोजन

दीक्षांत समारोह में नगर पालिका महम की प्रधान भारती पंवार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। पूर्व नपा प्रधान फतेह सिंह और पार्षद बजरंग गोयल ने बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। समारोह में संस्थान के छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। इस दौरान कोर्स की ट्रेनिंग पूरी कर चुके विद्यार्थियों को भविष्य में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया।

### रोहतक में पांच माह तैनात रहे आईजी वाई पूरण कुमार

**रोहतक।** सुनारियां पीटीसी सेंटर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) वाई पूरण कुमार के असामयिक निधन की खबर से पूरे पुलिस विभाग में शोक की लहर फैल गई है। अधिकारियों और कर्मचारियों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें समर्पित, ईमानदार और कर्मठ अधिकारी बताया। आईजी पूरण कुमार करीब पांच माह पहले रोहतक रेंज आईजी के पद पर तैनात हुए थे। इस दौरान वह अधिकारियों, कर्मचारियों के प्रति मिलनसार रहे। रोहतक के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उनके यहां ज्वाइन करने पर स्वागत किया था। पिछले 29 सितम्बर को ही उन्हें सुनारियां पीटीसी में बतौर आईजी ट्रांसफर किया गया था। जिसके बाद वह अवकाश पर चंडीगढ़ निवास पर गए हुए थे। वहीं पर उन्होंने पिस्टल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या की। उनके निधन पर पुलिस लाइन और विभिन्न थानों में कार्यरत कर्मचारियों ने शोक जताते हुए कहा कि विभाग ने एक कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी खो दिया है। इसके साथ ही विभिन्न समाजसेवी संगठनों और राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।



### समाजसेवी कर्मवीर कौशिक ने केंद्रीय कृषि मंत्री के साथ किया पौधरोपण

**रोहतक।** गत दिनों केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बुलावे पर भौपाल स्थित उनके निवास पर समाजसेवी कर्मवीर कौशिक का जाना हुआ। अखिल भारतीय भगवान परशुराम ट्रस्ट के अध्यक्ष कर्मवीर कौशिक ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आमंत्रण पर भोपाल जाना हुआ। वहां पर स्मार्ट सिटी पार्क में केंद्रीय मंत्री के साथ पौधरोपन किया। कर्मवीर कौशिक ने बताया कि उन्हें बचपन से पौधरोपण करते रहते हैं। इसी वजह से उनकी मुलाकात केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से काफी वर्ष पूर्व हुई थी। केंद्रीय मंत्री ने कर्मवीर कौशिक द्वारा किए गए सामाजिक व पर्यावरण संरक्षण के कार्यों की सराहना की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20



### जीडी गोयनका छात्र बना फुटबॉल प्रीमियर लीग का चैंपियन

**रोहतक।** जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल की फुटबॉल टीम ने पहली रोहतक फुटबॉल प्रीमियर लीग का खिताब जीतकर नया इतिहास रच दिया है। यह चैंपियनशिप किंग्स कॉलेज में आयोजित की गई थी, जिसमें रोहतक के विभिन्न स्कूलों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फाइनल मुकाबले में गोयनका की टीम ने स्कॉलर रोजरी स्कूल को 2-1 से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। रोमांचक फाइनल में निशांत और ऐडी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर स्कूल के डायरेक्टर विक्रांत मायना एवं सान्या मायना ने टीम कोच पंकज और समस्त खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या सविता नेहरा ने कहा कि यह जीत छात्रों के समर्पण, अनुशासन और कठोर परिश्रम का परिणाम है।

### वन भूमि से अतिक्रमण हटाने में राहत वनों के विनाश की घंटी

**रोहतक।** वन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा जारी आदेश वन भूमि से अतिक्रमण हटेंगे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पर्यावरण सुरक्षा समिति के सदस्य जीवन सिंह ने कहा है कि शीर्षक पढ़ने से तो एसा लगता है सरकार वन क्षेत्र को बचाने में चिंतित हैं परंतु अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया में राहत के नाम पर जनहित में क़ब्ज़ा नहीं हटाने पर कीमत वसूली अवैध क़ब्ज़ाधारियों के कब्जे नियमित करने की योजना स्पष्ट होती है। पर्यावरण सुरक्षा समिति की रोहतक में संपन्न कन्वेंशन में सरकार द्वारा जारी की अधिसूचना रद्द करने का प्रस्ताव पास किया गया था।

# करवाचौथ पर रोहतक की मार्केट में उमड़ी भीड़ लहंगा, मेहंदी और ज्वैलरी की दुकानों पर रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

करवाचौथ का त्योहार नजदीक आते ही शहर की मार्केटों में उत्साह और खरीदारी की चहल-पहल देखने को मिली। महिलाएं अपने परिवार और दोस्तों के साथ सजे-धजे बाजारों में लहंगे, साड़ियों, ज्वैलरी और महेंदी का सामान खरीदने के लिए पहुंची। रेलवे रोड, मॉडल टाउन और शीला बाईपास स्थित मार्केटों में सुबह से ही भीड़ उमड़ी रही। इस मौके पर स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि महिलाओं ने पहले से ही अपने मनपसंद डिज़ाइन और स्टाइल के अनुसार लहंगे और साड़ी खरीदने की योजना बना रखी थी। कई दुकानों पर विशेष डिज़ाइन के लहंगे और पारंपरिक ज्वैलरी की बिक्री इस वर्ष पहले से अधिक रही। ज्वैलरी की दुकानों में ग्राहक पारंपरिक आभूषणों के साथ-साथ आधुनिक डिज़ाइनों को भी खरीद रही थीं। महिलाओं ने अपने हाथों में सजावट के लिए महेंदी की बुकिंग कराई। कई पार्लरों में महिलाओं के हाथों में महेंदी लगाने के लिए लंबी कतारें लगी हुई थीं। ब्यूटी पार्लरों में भी इस समय महिला ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ रही।



### बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान

दुकानदारों ने बताया कि इस बार बिक्री पिछले साल की तुलना में अच्छी रही है और महिलाएं खरीदारी में उत्साही नजर आईं। कुछ दुकानदारों का कहना था, "त्योहार से पहले महिलाओं का उत्साह और मार्केट में रौनक देखकर लगता है कि इस साल दीपावली और करवाचौथ दोनों पर्वों का असर खरीदारी पर साफ़ दिख रहा है। पुलिस प्रशासन ने भी त्योहार को देखते हुए सुरक्षा और व्यवस्था को प्राथमिकता दी है। बाजारों में अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है ताकि भीड़ के बीच शांति और व्यवस्था बनी रहे।

## कई स्थानों पर नालियों का पानी भी ओवरफ्लो हो रहा

# त्योहार सिर पर, सेक्टर की मार्केट में कूड़े के ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

त्योहारों का शुरू हो चुके है, लेकिन शहर की प्रमुख बाजारों में गंदगी और कूड़े के ढेर लोगों की खुशियों पर ग्रह लगा रहे हैं। दीपावली, धनतेरस और करवाचौथ जैसे त्योहारों के नज़दीक आने के बावजूद नगर निगम की सफाई व्यवस्था पूरी तरह लचर नज़र आ रही है।

शहर के सेक्टर-2-3 की मार्केट, रेलवे रोड, मॉडल टाउन मार्केट, ओल्ड सब्जी मंडी, जाट कॉलेज रोड और शीला बाईपास क्षेत्र की दुकानों के सामने जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। कई स्थानों पर नालियों का पानी भी ओवरफ्लो हो रहा है, जिससे बदबू और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। दुकानदारों का कहना है कि सफाई कर्मचारी कई-कई दिनों तक नहीं आते, जिससे बाजार का माहौल अस्वच्छ बना रहता है। ग्राहकों को खरीदारी के दौरान दुर्गंध और गंदगी का सामना करना पड़ता है। इससे न केवल व्यापार पर असर पड़ रहा है बल्कि त्योहारों की रौनक भी फीकी पड़ रही है। स्थानीय व्यापारियों ने नगर निगम प्रशासन से जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।



**त्योहारों में सफाई व्यवस्था सुदृढ़, बाजार होंगे स्वच्छ**

नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि त्योहारों को ध्यान में रखते हुए सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दे दिए गए हैं। अतिरिक्त सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई जा रही है ताकि बाजारों को स्वच्छ और आकर्षक बनाया जा सके। फिलहाल, लोगों की यही मांग है कि त्योहार की खुशियों के बीच शहर की सफाई भी प्राथमिकता बने, ताकि रोहतक एक स्वच्छ और सुंदर शहर के रूप में उदाहरण पेश कर सके।